collegebatch.com

**Series : AABB3/1**

**SET-1**

प्रश्न-पत्र कोड नं.
**Question Paper Code No. 58/1/1**

रोल नं.
**Roll No.**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **13** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **13** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

*

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : **2** घण्टे* | *अधिकतम अंक : **40***

*Time allowed : **2** hours* | *Maximum Marks : **40***

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **13** प्रश्न हैं ।*

*(ii)* ***सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं । प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक अंकित किए गए हैं ।*

*(iii)* *इस प्रश्न-पत्र में **2** अंकों के **5** प्रश्न, **3** अंकों के **5** प्रश्न तथा **5** अंकों के **3** प्रश्न हैं ।*

*(iv)* ***2** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **30-50** शब्दों में दीजिए ।*

*(v)* ***3** अंकों वाले प्रश्न लघु-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **50-80** शब्दों में दीजिए ।*

*(vi)* ***5** अंकों वाले प्रश्न दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न हैं तथा इनके उत्तर **80-120** शब्दों में दीजिए ।*

*(vii)* *प्रश्न-पत्र में किसी भी प्रकार का समग्र विकल्प नहीं है । हालाँकि, कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । परीक्षार्थी इन प्रश्नों में से केवल एक प्रश्न का ही उत्तर दें ।*

*(viii)* *इस प्रश्न-पत्र में केस/स्रोत आधारित प्रश्न भी हैं ।*

✱

1. (a) उपयुक्त उदाहरण द्वारा, सकारात्मक बाध्यताओं और नकारात्मक बाध्याताओं में अंतर स्पष्ट करें । **2**

**अथवा**

(b) उपयुक्त उदाहरण द्वारा, स्टॉक चरों व प्रवाह चरों में अंतर स्पष्ट करें । **2**

2. मान्य तर्क द्वारा निम्नलिखित कथन की पुष्टि करें :

'सामान्यतः आय के उच्च स्तर पर लोगों की सीमांत उपभोग प्रवृत्ति कम होती हैं ।' **2**

3. (a) वैश्विक उष्णता के किन्हीं दो हानिकारक प्रभावों का उल्लेख करें । **2**

**अथवा**

(b) 'सतत् विकास' के किन्हीं दो लाभों का उल्लेख करें । **2**

collegebatch.com

***General Instructions :***

*(i)* *This question paper contains **13** questions.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory. Marks are indicated against each question.*

*(iii)* *This question paper contains **5** questions of **2** marks each, **5** questions of **3** marks each and **3** questions of **5** marks each.*

*(iv)* ***2** marks questions are Short Answer Type questions and are to be answered in **30 – 50** words.*

*(v)* ***3** marks questions are Short Answer Type questions and are to be answered in **50 – 80** words.*

*(vi)* ***5** marks questions are Long Answer Type questions and are to be answered in **80 – 120** words.*

*(vii)* *There is no overall choice in the question paper. However, internal choice has been provided in few questions. The candidates need to attempt only one question from such questions.*

*(viii)* *This question paper contains Case/Source Based Question also.*

1. (a) Using a suitable example, distinguish between positive externalities and negative externalities. **2**

**OR**

(b) Using a suitable example, distinguish between stock variables and flow variables. **2**

2. Justify the following statement with valid argument :
'At higher levels of income people generally have lower Marginal Propensity to Consume (MPC). **2**

3. (a) State any two harmful effects of Global warming. **2**

**OR**

(b) State any two advantages of 'sustainable development'. **2**

collegebatch.com

4. (a) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिये आय के संतुलन स्तर की गणना करें, जिसके बारे में यह ज्ञात है, कि :

(i) स्वायत्त निवेश ($I_0$) = ₹ 2,500 करोड़, तथा

(ii) उपभोग फलन; C = 1000 + 0.8Y

जहाँ C = उपभोग व Y = आय **2**

**अथवा**

(b) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था के लिए, आय में परिवर्तन ($\Delta$Y) की गणना करें, जिसके बारे में यह ज्ञात है, कि :

(i) सीमांत उपभोग प्रवृत्ति (MPC) = 0.75, तथा

(ii) निवेश में परिवर्तन ($\Delta$I) = ₹ 20,000 करोड़ **2**

5. किसी राष्ट्र में जैसे-जैसे आय में वृद्धि होती है, बुनियादी ढाँचे की संरचना की आवश्यकताओं में काफी परिवर्तन आता है ।

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? उपयुक्त तर्क द्वारा अपने उत्तर का समर्थन करें । **2**

6. (a) एक काल्पनिक अर्थव्यवस्था में मौद्रिक सकल घरेलू उत्पाद के मूल्य का अनुमान लगाएँ, जबकि यह ज्ञात है कि वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद व मूल्य सूचकांक क्रमशः ₹ 500 करोड़ व 125 हैं । **3**

**अथवा**

(b) मान्य कारणों द्वारा स्पष्ट करें कि, निम्नलिखित में से क्या भारत की राष्ट्रीय आय में सम्मिलित नहीं होंगे ?

(i) बॉम्बे स्टॉक बाजार में सेठी लिमिटेड के अंशों (Shares) की एक निवेशक द्वारा खरीद ।

(ii) जापान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा स्थानीय श्रमिकों को वेतन का भुगतान ।

(iii) पूँजीगत संपत्तियों पर फर्मों द्वारा लगाया गया मूल्यह्रास **3**

collegebatch.com

4. (a) Calculate equilibrium level of income for a hypothetical economy, for which it is given that :

   (i) Autonomous Investments ($I_o$) = ₹ 2,500 crores, and

   (ii) Consumption Function; C = 1000 + 0.8Y

   where C = Consumption and Y = Income **2**

**OR**

(b) Calculate, change in Income (ΔY) for a hypothetical economy, for which it is given that :

   (i) Marginal Propensity to Consume (MPC) = 0.75, and

   (ii) Change in Investments (ΔI) = ₹ 20,000 crores. **2**

5. 'In any country, as the income rises the composition of infrastructure requirements changes significantly.'

   Do you agree with the given statement ? Support your answer with suitable argument. **2**

6. (a) Estimate the value of Nominal Gross Domestic Product (GDP) for a hypothetical economy. The values of Real Gross Domestic Product (GDP) and Price Index are given as ₹ 500 crores and 125 respectively. **3**

**OR**

(b) Giving valid reasons explain, which of the following will not be included in the estimation of National Income of India ?

   (i) Purchase of shares of Sethi Ltd. by an investor in the Bombay Stock Exchange.

   (ii) Salaries paid by Indian Embassy situated at Japan, to the local workers.

   (iii) Depreciation on capital assets charged by firms. **3**

collegebatch.com

7. दी गई अनुसूची में से किन्हीं दो संकेतकों के आधार पर भारत और श्रीलंका की स्वास्थ्य स्थिति की तुलना और विश्लेषण करें :

**अन्य राष्ट्रों के साथ भारत की तुलना (स्वास्थ्य संकेतक) (2015-17)** 3

| क्रम संख्या | संकेतक | भारत | चीन | अमेरिका | श्रीलंका |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | शिशु मृत्यु दर /1000 जीवित जन्म | 34 | 8 | 5.7 | 7.5 |
| (ii) | 5 वर्ष से कम मृत्यु दर /1000 जीवित जन्म | 39.4 | 9.3 | 6.6 | 8.8 |
| (iii) | शिशुओं का टीकाकरण (DTP) % | 88 | 99 | 95 | 99 |
| (iv) | सरकारी स्वास्थ्य व्यय (GDP के % के रूप में) | 3.9 | 5.7 | 16.8 | 3 |

**स्रोत :** HDI 2018 व WDI 2018

8. एक काल्पनिक उदाहरण द्वारा, एक अर्थव्यवस्था में निवेश गुणक की कार्यप्रणाली की विवेचना करें। 3

9. (a) (i) निम्नलिखित आँकड़ों के आधार पर, साधन लागत पर सकल राष्ट्रीय उत्पाद के मूल्य की गणना करें : 3

| क्रम सं. | चर | राशि (₹ करोड़ में) |
|---|---|---|
| (i) | श्रमिकों का पारिश्रमिक | 12,000 |
| (ii) | किराया व ब्याज | 1,800 |
| (iii) | अप्रत्यक्ष कर | 1,120 |
| (iv) | लाभ | 1,500 |
| (v) | मूल्यह्रास | 1,100 |
| (vi) | उपदान | 210 |
| (vii) | विदेशों से प्राप्त शुद्ध साधन आय | (–) 120 |
| (viii) | स्वनियोजितों की मिश्रित आय | 1,300 |

(ii) किराया व रॉयल्टी में विभेद करें। 2

**अथवा**

collegebatch.com

7. Compare and analyse the health status of India and Sri Lanka, on the basis of any two indicators from the given schedule : **3**

**Indicators of Health in India in Comparison with other nations, 2015-17.**

| S. No. | Indicators | India | China | USA | Sri Lanka |
|---|---|---|---|---|---|
| (i) | Infant Mortality Rate/1000 live births | 34 | 8 | 5.7 | 7.5 |
| (ii) | Under-5, Mortality Rate/1000 live births | 39.4 | 9.3 | 6.6 | 8.8 |
| (iii) | Infants Immunised (DTP) in % | 88 | 99 | 95 | 99 |
| (iv) | Government Health spendings as a % of GDP | 3.9 | 5.7 | 16.8 | 3 |

**Sources :** HDI 2018 and WDI 2018

8. Using a hypothetical example, elaborate the working of investment multiplier in an economy. **3**

9. (a) (i) From the following data, calculate the value of Gross National Product at Factor Cost ($GNP_{FC}$) : **3**

| S. No. | Items | Amount in (₹ Crores) |
|---|---|---|
| (i) | Compensation of Employees | 12,000 |
| (ii) | Rent and Interest | 1,800 |
| (iii) | Indirect taxes | 1,120 |
| (iv) | Profits | 1,500 |
| (v) | Depreciation | 1,100 |
| (vi) | Subsidies | 210 |
| (vii) | Net Factor Income from Abroad | (–) 120 |
| (viii) | Mixed Income of Self Employed | 1,300 |

(ii) Distinguish between Rent and Royalty. **2**

**OR**

collegebatch.com

(b) (i) दिए गए आँकड़ों के आधार पर, साधन लागत पर शुद्ध मूल्य वृद्धि की गणना करें : **3**

| क्रम सं. | चर | राशि(₹' 000 में) |
|---|---|---|
| (i) | बाज़ार में चावल का विक्रय | 580 |
| (ii) | ट्रैक्टर व थ्रेशर का क्रय | 400 |
| (iii) | सरकार द्वारा चावल का क्रय | 20 |
| (iv) | वर्ष के दौरान चावल का स्व-उपभोग | 15 |
| (v) | ट्रैक्टर व थ्रेशर के संचालन व रखरखाव पर व्यय | 20 |
| (vi) | सरकार द्वारा प्राप्त उर्वरक उपदान | 3 |

(ii) 'उत्पादन के मूल्य' व 'मूल्य वर्धन' में विभेद करें। **2**

10. 'मार्च 2020 में कोविड तालाबंदी उपरांत भारत माँग में कमी की समस्या से जूझ रहा है।' भारत में माँग की कमी की स्थिति से निपटने के लिए किन्हीं दो मौद्रिक नीति उपायों का उल्लेख व वर्णन करें। **5**

11. (i) "हाल के दिनों में भारत सरकार ने भारतीय चिकित्सा पद्धति को पुनर्जीवित व लोकप्रिय करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।"

क्या आप दिए गए कथन से सहमत हैं ? मान्य कारणों द्वारा अपने उत्तर की पुष्टि करें। **2**

(ii) "कार्यबल का अनऔपचारीकरण भारतीय अर्थव्यवस्था की एक चिरस्थायी समस्या रही है।" मान्य तर्कों द्वारा दिए गए कथन की पुष्टि करें। **3**

निम्नलिखित गद्य का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें तथा प्रश्न संख्या **12** व **13** के उत्तर दें :

**चीन की अर्थव्यवस्था में बाजार की अपेक्षा से अधिक मंदी का खतरा – ब्लूमबर्ग, 24 अक्टूबर, 2021**

चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी का भय वैश्विक निवेशकों की आशंका से अधिक है। चीन अपनी रियल एस्टेट (Real Estate) पर निर्भरता कम करने का प्रयास कर रहा है। विद्युत की कमी व महामारी के कारण, चीन ने शिक्षा से लेकर प्रौद्योगिकी क्षेत्रों को विनियमित करना आरंभ कर दिया है।

collegebatch.com

(b) (i) Calculate the value of 'Net Value Added at Factor Cost' ($NVA_{FC}$) using the given data : **3**

| S. No. | Items | Amount in (₹ '000) |
|---|---|---|
| (i) | Sale of Rice in the market. | 580 |
| (ii) | Purchase of Tractor and Thrasher | 400 |
| (iii) | Procurement of Rice by the government | 20 |
| (iv) | Self consumption of Rice during the year | 15 |
| (v) | Expenditure on running and maintenance of Tractor and Thrasher | 20 |
| (vi) | Fertilizer subsidies received from the government | 3 |

(ii) Distinguish between 'value of output' and 'value addition'. **2**

10. 'India has been dealing with the problem of Deficient Demand, since the imposition of Covid lockdown in March 2020'.

State and discuss any two monetary policy measures to combat the situation of Deficient Demand in India. **5**

11. (i) 'In the recent past the Government of India has taken vital steps to revive and popularise Indian System of Medicine (ISM)'.

Do you agree with the given statement ? Justify your answer with valid reasons. **2**

(ii) 'Casualization of workforce has became a perennial problem of the Indian economy.' Justify the given statement with valid arguments. **3**

Read the following test carefully and answer, Q. No.-**12** and **13**, given below :

**Chinese Economy Risks Deeper Slowdown than Markets Realise – (Bloomberg, 24th October, 2021)**

China's Economy risks slowdown faster than global investors realise. It is pushing to cut its dependence on real-estate. It has started regulating sectors from education to technology, as it is facing power shortage and the pandemic.

collegebatch.com

कई अर्थशास्त्रियों ने वर्तमान वर्ष में GDP वृद्धि दर के 8.2% तक तथा आगामी वर्ष में 5% से नीचे आने की चेतावनी दी है ।

चीन अब, ऋण वृद्धि को स्थिर करने, असमानता पर अंकुश लगाने व संसाधनों को अत्याधुनिक विनिर्माण में लगाने की योजना बना रहा है । गत सप्ताह जारी किये गये आँकड़ों में, तीसरी तिमाही में GDP वृद्धि दर गत् तिमाही के 7.9% से गिर कर 4.9% दर्शायी गई है । विद्युत की कमी व आगामी दिनों में कोविड-19 में वृद्धि के कारण यह समस्या और अधिक हो सकती है ।

महामारी से पूर्व, ऋण जोखिमों को कम करने के कारण पहले ही चीन धीमी विकास दर से अर्थशास्त्रियों को अचलित किए हुए था । चीन के प्रधानमंत्री ली केकियांग ने मार्च में आगामी वित्त वर्ष में 6% से अधिक के विकास लक्ष्य की घोषणा की है । चीन ने हाल के हफ्तों में, कुछ नीतियों में ढ़ील देने के संकेत दिए है, जैसे कि बैंकों द्वारा ऋणों को अल्पकालिक प्रोत्साहन देना । पीपल्स बैंक ऑफ चाइना के गवर्नर यी गैंग ने हाल ही में कहा था कि, उन्हें इस वर्ष 8% की वृद्धि दर की उम्मीद है ।

कोविड–19 का भय कम होने के साथ, चीन में मंदी आ रही है । चीन में निवेश गिरने से, वस्तु नियातक राष्ट्रों जैसे दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, चिली, पेरू व ब्राजील जैसे राष्ट्रों में भी जोखिम दिखाई दे रहा है । धीमा व्यापार मलेशिया, सिंगापुर व थाईलैंड जैसे राष्ट्रों को भी प्रभावित कर सकता है ।

एक अन्य भय यह भी है कि, चीन के नीति निर्माताओं को वापस विकास पथ पर आने के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है । अर्थशास्त्रियों के अनुसार विद्युत की कमी जो कि औद्योगिक उत्पादन को कम कर रही है, बुनियादी संरचना में निवेश में वृद्धि को भी कम कर देगी । इस प्रकार की नीति अगले वर्ष तभी काम कर सकती है जबकि विद्युत की किल्लत कम होगी ।

12. चीनी अर्थव्यवस्था में मंदी दर्शाने वाले किन्हीं दो कारणों का उल्लेख व वर्णन करें । **3**

13. ऐसे किन्हीं दो उपायों की व्याख्या करें, जिन्हें आप चीन के आर्थिक सलाहकार के रूप में बता सकते हैं । **3**

collegebatch.com

Many economists have warned that the GDP growth rate will fall to 8.2% this year and to below 5% in the next year.

China is now planning to stabilise debt growth, curb inequality and channelise resources into hi-tech manufacturing. Data released in last week already showed a sharp slowdown in third quarter GDP growth to 4.9% from 7.9% in the previous quarter. There is more pain likely to come as electricity shortage persist, while new COVID-19 infections are expected to rise in coming days.

Even before the pandemic hit, China was surprising economists with slower-than-expected growth rate caused by the easing off debt risks. China's Premier Li Keqiang, announced in March a growth target of "above 6%" in the coming financial year.

China has signalled, in recent weeks that it could loosen some policies like telling banks to pick up the pace of mortgage lending as a short term stimulus. Governor of People's Bank of China Yi Gang, recently said he sees an expansion of about 8% for this year.

China's slowdown comes as the global recovery from COVID-19 risks looses momentum. Among those at risks from falling investments in China are commodity exporters like Australia, South Africa, Chile, Peru and Brazil. Slower trades could also hit countries like Malaysia, Singapore and Thailand.

The other risk is that China's policy-makers may struggle to flick the switch back to growth model if they feel that's needed. Economists noted that the electricity shortages that are crimping industrial production will make it harder to cushion growth by boosting investment in infrastructure. That kind of policy could only work next year once the power crunch eases.

12. State and discuss any two reasons that exhibit slowdown in the Chinese economy. **3**

13. Discuss briefly any two measures, which you may suggest as an economic advisor to the government of China. **3**

collegebatch.com